समाचार

# विधायक निधि से 20 लाख रूपये में बनेगा सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन

## (राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने रखी सामुदायिक भवन निर्माण की आधारशिला)




कोरबा 05 जुलाई 2020 –राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के विधायकनिधि से सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन व अहाता का निर्माण कराया जाएगा। आज राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने उक्त सामुदायिक भवन निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी भी उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विधायकनिधि से वार्ड क्र. 25 ब्रम्हवाटिका परशुराम मार्ग पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास ब्राम्हण समाज के भवन के समीप 20 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाना हैं। आज राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने उक्त निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया तथा शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस मौके पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि विधायकनिधि से 20 लाख रूपये की लागत से इस भवन का निर्माण कराया जाएगा, भवन के निर्मित हो जाने से सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए एक सर्वसुविधायुक्त स्थल उपलब्ध हो सकेगा, उन्होने उपस्थित समाज के लोगों को इसके लिए अपनी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने भी सामुदायिक भवन के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी तथा राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। भूमिपूजन अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, सपना चौहान, प्रदीप राय, पालूराम साहू, सुखसागर निर्मलकर, फूलचंद सोनवानी, सुनीता राठौर, पार्षद शैलेन्द्र सिंह, प्रेमचंद पाण्डेय, पूर्व पार्षद मुकेश राठौर, कुसुम द्विवेदी, निगम के अपर आयुक्त अशोक शर्मा, सर्वब्राम्हण समाज के संरक्षक सतपाल शर्मा, अध्यक्ष अरूण

शर्मा, बी.के.शर्मा, अखिलेश पाण्डेय, पी.आर.मिश्रा, अरूण शर्मा, किशोर शर्मा, निखिल शर्मा, भूपेन्द्र शर्मा, सत्यम शुक्ला, इंद्रजीत शर्मा, डॉ.संजय तिवारी, कैलाश शर्मा, दुष्यंत शर्मा, आर.के.जोशी, आर.के.तिवारी, चन्द्रभूषण मिश्रा, तपन तिवारी, प्रमोद झा, बिन्ध्याचल झा, अनिरूद्ध शुक्ला, एन.के.नाथ, देवेन्द्र स्वर्णकार, फिरोज अहमद आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।